Hindi - Number 15a
May 2022

टेटनस, डिप्थीरिया, पर्टुसिस, पोलियो (टीडैप-आईपीवी) वैक्सीन
Tetanus, Diphtheria, Pertussis, Polio (Tdap-IPV) Vaccine

अपने बच्चे को सुरक्षित रखें।
सभी वैक्सीनें समय पर लगवाएं।

समय पर सभी वैक्सीनें लगवाने से आपके बच्चे को जीवन भर कई बीमारियों से बचाया जा सकता है।

टीकाकरण ने पिछले 50 वर्षों में कनाडा में किसी भी अन्य स्वास्थ्य उपाय से अधिक जीवन बचाए हैं।

टीडैप-आईपीवी (Tdap-IPV) वैक्सीन क्या है?

टीडैप-आईपीवी वैक्सीन 4 बीमारियों के विरुद्ध रक्षा करती है:

- टेटनस
- डिप्थीरिया
- पर्टुसिस (काली खांसी)
- पोलियो

वैक्सीन को हेल्थ कनाडा द्वारा अनुमोदित किया गया है और यह आपके बच्चे के नियमित टीकाकरण के हिस्से के रूप में नि: शुल्क प्रदान की जाती है।अपॉइंटमेंट लेने के लिए अपने स्वास्थ्य सेवा प्रदाता को कॉल करें।

किसको टीडैप-आईपीवी वैक्सीन लगवानी चाहिए?

यह वैक्सीन 4 से 6 वर्ष की आयु के बच्चों को एक खुराक के रूप में दी जाती है। यह उन बच्चों के लिए एक बूस्टर खुराक है, जिन्हें कम उम्र में टेटनस, डिप्थीरिया, पर्टुसिस और पोलियो के खिलाफ प्रतिरक्षित किया गया था। बूस्टर खुराक इन बीमारियों से बेहतर सुरक्षा प्रदान करने के लिए प्रतिरक्षा प्रणाली को मजबूत करती है या बढ़ाती है।

यह वैक्सीन उन बड़े बच्चों और वयस्कों को भी मुफ्त दी जाती है जिन्हें टेटनस, डिप्थीरिया, पर्टुसिस और पोलियो से सुरक्षा की आवश्यकता होती है।

अधिक जानकारी के लिए निम्न हेल्थलिंकबीसी फ़ाइलें देखें:

- HealthLinkBC File #105 टेटनस, डिप्थीरिया, पर्टुसिस, हेपेटाइटिस बी, पोलियो, और *हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा* टाइप बी (डीटैप-ऐचबी-आईपीव-हिब) वैक्सीन
- HealthLinkBC File #15b डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस, पोलियो, *हीमोफिलस इन्फ्लुएंजा* टाइप बी (डीटैप-ऐचबी-आईपीव-हिब) वैक्सीन

प्राप्त किए गए सभी टीकाकरणों का रिकॉर्ड रखना महत्वपूर्ण है।

टीडैप-आईपीवी वैक्सीन के क्या लाभ हैं?

टीडैप-आईपीवी वैक्सीन डिप्थीरिया, टेटनस, पर्टुसिस और पोलियो, जो गंभीर और कभी-कभी घातक बीमारियां हैं, से बचाव का सबसे अच्छा तरीका है।

जब आप अपने बच्चे का टीकाकरण करवाते हैं, तो आप दूसरों की भी रक्षा करने में मदद करते हैं।

वैक्सीनों के बाद की संभावित प्रतिक्रियाएं क्या हैं?

वैक्सीनें बहुत सुरक्षित हैं। वैक्सीन प्राप्त करना इन बिमारियों में से एक से ग्रस्त होने से कहीं अधिक सुरक्षित है।

वैक्सीन के लिए सामान्य प्रतिक्रियाओं में वैक्सीन लगाए जाने वाले स्थान पर पीड़ा, लाली, और सूजन शामिल हो सकती हैं। बुखार, ठंड लगना, सिरदर्द और थकान भी हो सकती है। ये प्रतिक्रियाएं हल्की होती हैं और आम तौर पर 1 से 2 दिनों तक रहती हैं। लाली और सूजन के बड़े क्षेत्र मौजूद हो सकते हैं लेकिन ये आम तौर पर सामान्य गतिविधि में हस्तक्षेप नहीं करते हैं।

> बुखार या पीड़ा के लिए एसिटामिनोफेन (उदाहरणार्थ टायलेनॉल®) या इबुप्रोफेन (उदाहरणार्थ एडविल®) दी जा सकती है। रे सिंड्रोम के जोखिम के कारण एएसए (उदाहरणार्थ एस्पिरिन®) 18 वर्ष से कम उम्र के किसी भी व्यक्ति को नहीं दी जानी चाहिए।

रे सिंड्रोम के बारे में जानकारी के लिए, HealthLinkBC File #84 रे सिंड्रोम देखें।

किसी भी वैक्सीन को प्राप्त करने के बाद 15 मिनट तक क्लिनिक में रहना महत्वपूर्ण है क्योंकि एनाफिलेक्सिस नामक एक जीवन को खतरे में डालने वाली एलर्जिक प्रतिक्रिया की अत्यंत दुर्लभ, एक मिलियन में से 1 से कम, संभावना हो सकती है। इसमें पित्ती (hives), सांस लेने में कठिनाई या गले, जीभ या होंठ में सूजन शामिल हो सकती हैं। यदि यह प्रतिक्रिया होती है, तो आपका स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता इसका इलाज करने के लिए तैयार है। आपातकालीन उपचार में एपिनेफ्रीन (एड्रेनालाईन) दिए जाना और एम्बुलेंस द्वारा निकटतम आपातकालीन विभाग में स्थानांतरण

शामिल है। यदि लक्षण आपके क्लिनिक से जाने के बाद विकसित होते हैं, तो **9-1-1** या अपने स्थानीय आपातकालीन नंबर को कॉल करें।

गंभीर या अप्रत्याशित प्रतिक्रियाओं के बारे में हमेशा अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता को बताना महत्वपूर्ण है।

किसको टीडैप-आईपीवी वैक्सीन नहीं लगवानी चाहिए?

अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें यदि आपको या आपके बच्चे को टेटनस, डिप्थीरिया, पर्टुसिस या पोलियो वैक्सीन की पिछली खुराक या नियोमाइसिन, पॉलीमीक्सिन बी, या स्ट्रेप्टोमाइसिन सहित वैक्सीन के किसी भी हिस्से के प्रति जानलेवा प्रतिक्रिया हुई है। 4 साल से कम उम्र के बच्चों को वैक्सीन नहीं दी जाती है।

जिन लोगों ने टेटनस वैक्सीन लगवाने के 8 सप्ताह के भीतर, किसी अन्य कारण की पहचान किए बिना, गुइलेन-बार सिंड्रोम (जीबीएस) विकसित कर लिया है, उन्हें टीडेप-आईपीवी वैक्सीन नहीं लेनी चाहिए।

जीबीएस (GBS) एक ऐसी स्थिति जिसके परिणामस्वरूप शरीर की मांसपेशियों की कमजोरी और लक़वा हो सकता है। यह आमतौर पर संक्रमण के बाद होता है, लेकिन दुर्लभ मामलों में कुछ वैक्सीनों के बाद भी हो सकता है।

ज़ुकाम या अन्य हल्की बीमारी के कारण टीकाकरण में देरी करने की आवश्यकता नहीं है। हालांकि, अगर आपको चिंता है, तो अपने स्वास्थ्य देखभाल प्रदाता से बात करें।

टेटनस, डिप्थीरिया, पर्टुसिस और पोलियो क्या हैं?

टेटनस, जिसे लॉकजॉ (lockjaw) भी कहा जाता है, ज्यादातर मिट्टी में पाए जाने वाले बैक्टीरिया के कारण होता है। जब बैक्टीरिया घाव या खरोंच के माध्यम से त्वचा में प्रवेश करते हैं, तो वे एक जहर पैदा करते हैं जो पूरे शरीर में मांसपेशियों की दर्दनाक जकड़न का कारण बन सकता है। यदि सांस लेने वाली मांसपेशियां प्रभावित हो जाएं तो यह बहुत गंभीर है। टेटनस से पीड़ित 5 में से 1 व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

डिप्थीरिया, डिप्थीरिया बैक्टीरिया के कारण होने वाला नाक और गले का एक गंभीर संक्रमण है। यह बैक्टीरिया छींकने या खांसने वाले लोगों द्वारा हवा में और सीधे त्वचा से त्वचा के संपर्क में आने से फैलते हैं। इस बीमारी के परिणामस्वरूप सांस लेने में बहुत गंभीर समस्याएं हो सकती है। यह दिल के फेल होने और लक़वे का कारण भी बन सकता है। डिप्थीरिया से पीड़ित 10 में से लगभग 1 व्यक्ति की मृत्यु हो सकती है।

पर्टुसिस, जिसे काली खांसी भी कहा जाता है, पर्टुसिस बैक्टीरिया के कारण होने वाला वायुमार्ग का एक गंभीर संक्रमण है। यह बैक्टीरिया खांसने, छींकने या नज़दीकी आमने-सामने संपर्क से आसानी से फैल जाते हैं। पर्टुसिस निमोनिया, दौरों, मस्तिष्क क्षति या मृत्यु का कारण बन सकता है। ये जटिलताएं सबसे अधिक बार शिशुओं में देखी जाती हैं। पर्टुसिस गंभीर खाँसी का कारण बन सकता है जो अक्सर अगली सांस से पहले एक कर्कश ध्वनि के साथ समाप्त होती है। यह खांसी कई महीनों तक रह सकती है और अक्सर रात में सब से अधिक बार होती है। पर्टुसिस से पीड़ित 170 में से 1 शिशु की मृत्यु हो सकती है। पर्टुसिस के बारे में अधिक जानकारी के लिए HealthLinkBC File #15c पर्टुसिस (काली खांसी) देखें।

पोलियो एक विषाणु के संक्रमण से होने वाली बीमारी है। जबकि अधिकांश पोलियो संक्रमण कोई लक्षण नहीं दिखाते हैं, कुछ अन्य के परिणामस्वरूप बांहों या टांगों का लक़वा हो सकता है और यहां तक कि मृत्यु भी हो सकती है। पोलियो वायरस से संक्रमित 200 में से लगभग 1 व्यक्ति में लक़वा होता है। पोलियो संक्रमित व्यक्ति के मल त्याग (मल) के संपर्क में आने से फैल सकता है। यह मल से दूषित भोजन खाने या पानी पीने से हो सकता है।

टेटनस, डिप्थीरिया और पोलियो बचपन के नियमित टीकाकरण कार्यक्रमों के कारण अब बी.सी. दुर्लभ हैं। । काली खांसी अभी भी होती है, लेकिन यह पहले की तुलना में बहुत कम आम है और प्रतिरक्षित लोगों में बहुत हल्की होती है।

BC Centre for Disease Control
Provincial Health Services Authority